# दिनाँक 04 मई, 2003 को सम्पन्न विद्या परिषद् के बैठक की कार्यवृत्त

|| सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ||


## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

17, महर्षि दयानन्द मार्ग, इलाहाबाद

पिन - 211 001

# उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद

## तदर्थ विद्या परिषद की दिनाँक 04 मई, 2003 को पूर्वान्ह 10.30 बजे सम्पन्न हुई बैठक की कार्यवृत्त

तदर्थ विद्या परिषद् की बैठक दिनाँक 04-05-2003 को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पूर्वाह्न 10.30 बजे हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रोफेसर डी०पी० सिंह, कुलपति | - | अध्यक्ष |
| (2) | प्रोफेसर अमर सिंह, पूर्व सदस्य | - | सदस्य |
| (3) | प्रोफेसर बी०एस० सारस्वत | - | सदस्य |
| (4) | प्रोफेसर चमन मेहरोत्रा | - | सदस्य |
| (5) | प्रोफेसर एस०एस० वर्मा | - | सदस्य |
| (6) | डॉ० एस०पी० सिंह | - | सदस्य |
| (7) | डॉ० वी०वी० सिंह | - | सदस्य |
| (8) | डॉ० चन्द्रकला पाड़िया | - | सदस्य |
| (9) | डॉ० प्रदीप श्रीवास्तव | - | सदस्य |
| (10) | डॉ० ए०के० सिंह, कुलसचिव | - | सचिव |

कुलपति द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया। कुलपति ने सदस्यों को अवगत कराया कि समाज शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र पाठ्यक्रम के तैयार करने का कार्य पाठ्यक्रम लेखकों को सौंप दिया गया है। कुलपति ने यह अवगत कराया कि *"हम पहुँचे वहाँ जहाँ पहुँचे न कोई"* के अन्तर्गत ज्ञानवाणी कार्यक्रम पर प्रातः एवं सायंकालीन 7.00-8.00 बजे तक ज्ञानवाणी कार्यक्रम का प्रसारण इलाहाबाद और लखनऊ आकाशवाणी से हो रहा है तथा शीघ्र ही कानपुर और दिल्ली से प्रारम्भ होने वाला है। प्राविधिक शिक्षा हेतु एक अन्य चैनल की स्थापना की जा चुकी है। इस प्रकार दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से पूरे प्रदेश को शिक्षा देने की व्यवस्था की जा रही है। इस व्यवस्था से इस विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों के साथ-साथ अन्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों के शिक्षार्थी भी लाभान्वित हो सकते हैं। कुलपति ने अपने **अमेरिका, टोरेन्टो (कनाडा) एवं इंग्लैण्ड** की यात्रा का उल्लेख करते हुये सदस्यों को अवगत कराया कि विदेशों में भी मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से उच्च शिक्षा के शिक्षार्थियों में शिक्षा दी जा रही है जिसमें शिक्षार्थियों का झुकाव अधिक है और शिक्षार्थियों की संख्या भी अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे देश में 10 मुक्त विश्वविद्यालय स्थापित हैं तथा इस वित्तीय वर्ष में देश के अन्दर दो विश्वविद्यालय की स्थापना होने का अनुमान है।

1. विद्या परिषद की दिनाँक 26 अगस्त, 2002 को सम्पन्न हुई बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।
2. योजना बोर्ड की दिनाँक 03-05-2003 की बैठक के कार्यवृत्त पर विचार किया।

   निश्चय किया कि योजना बोर्ड की बैठक दिनाँक 03-05-2003 के कार्यवृत्त को कार्य सूची के विन्दु संख्या 05 (नये विषयों के प्रारम्भ करने के प्रश्न पर विचार) में योजना बोर्ड के संस्तुति के अतिरिक्त मानव शास्त्र, मनोविज्ञान एवं ओमेन स्टडीज पाठ्यक्रम को सम्मिलित करने के उपरान्त योजना बोर्ड की संस्तुति को स्वीकार करते हुए कार्य परिषद् के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जाय।

P.T.O.

3. बी.एड. कार्यक्रम के प्रारम्भ करने हेतु प्रस्तावित अध्यादेश के अनुमोदन पर विचार किया।

निश्चय किया कि बी.एड. हेतु प्रस्तावित अध्यादेश को कुलपति द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत कराने हेतु कार्य परिषद् को संस्तुत कर दिया जाय।

4. प्रवेश शुल्क/परीक्षा शुल्क के वृद्धि पर विचार किया।

निश्चय किया कि निम्नलिखित कार्यक्रमों के शुल्क में संशोधन किये जाने हेतु प्रस्ताव कार्य परिषद् को संस्तुत किया जाय :-

| क्र. सं. | पाठ्यक्रम का नाम | निर्धारित शुल्क | प्रस्तावित शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | एकल विषय में दक्षता (UGSS) | रु० 800/- | रु० 1000/- |
| 2. | पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक (UGLIS) | रु० 3500/- | रु० 4000/- |
| 3. | पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (PGJMC) | रु० 2500/- | रु० 3000/- |
| 4. | Post Graduation Diploma in Computer Application (PGDCA) | रु० 12000/- | रु० 15000/- |
| 5. | Basic Diploma in Computers (DIC) | रु० 6500/- | रु० 8000/- |

सभी कार्यक्रमों के पंजीकरण की शुल्क रु० 150/- से बढ़ाकर रु० 200/-, विषय परिर्वतन की शुल्क रु० 200/- से बढ़ाकर रु. 300/- तथा परिचय-पत्र की द्वितीय प्रति बढाये जाने हेतु शुल्क रु० 50/- से बढ़ाकर रु० 100/- करने का निश्चय किया गया तथा यह भी निश्चय किया गया कि परीक्षा का जो शुल्क वर्तमान में निर्धारित है उन सभी में रु० 50/- की दर से वृद्धि कर शुल्क निर्धारित की जाय। यह भी निश्चय किया गया कि निम्नलिखित अतिरिक्त शुल्क को ली जाने वाली सूची में सम्मिलित किया जाय :-

1. माइग्रेशन सर्टीफिक्टेटके लिए शुल्क रु० 150/-
2. अंक प्रति की दूसरी प्रति के लिए शुल्क रु० 100/-
3. पुनः प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए शुल्क रु० 200/-

5. बी.एड. पाठ्यक्रम के प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क के निर्धारण करने पर परिषद् ने विचार किया।

निश्चय किया कि बी.एड. में प्रवेश लेने वाले शिक्षार्थियों से रु० 12,000/- प्रति वर्ष की दर से पाठ्यक्रम शुल्क लिया जाय तथा प्रति वर्ष रु० 1000/- परीक्षा शुल्क लिया जाय। यह भी निश्चय किया गया कि बी.एड. में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा करायी जाने वाली है इसलिए प्रवेश आवेदन-पत्र का मूल्य रु० 550/- रखा जाय।

P.T.O.

6. शैक्षिक सत्र 2003-2004 के लिए प्रस्तावित प्रवेश विवरणिका पर विचार किया गया।

निश्चय किया गया कि प्रवेश विवरणिका के सम्बन्ध में हुई चर्चा के आधार पर प्रवेश विवरणिका में संशोधन किया जाय। इसके लिये कुलपति को अधिकृत किया गया।

7. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रमों के लिए निर्धारित अवधि के उपरान्त पुनः पंजीकरण के प्रश्न पर परिषद् ने विचार किया।

निश्चय किया कि कार्यक्रमो के लिए निर्धारित अवधि के उपरान्त यदि कोई शिक्षार्थी पुनः उस कार्यक्रम में अध्ययन करना चाहता है या पूर्ण करना चाहता है तो उसे पुनः पंजीकरण कराना होगा एवं जितने क्रेडिट के पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण हो चुका है उसे छोड़कर शेष क्रेडिट के विद्यमान पाठ्यक्रम के अनुसार उसे उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इन शेष पाठ्यक्रमों के लिए ही शुल्क और परीक्षा शुल्क जमा करना होगा। पूर्व में शिक्षार्थी द्वारा अर्जित क्रेडिट को सम्मिलित कर परीक्षाफल घोषित किया जायेगा।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त हुई।

कुलसचिव